उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## बुधवार, 09 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1934

( दिनांक : 30 मई, 2012 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न (देखिये नत्थी "क")
2. निधन के निदेश।
3. मुख्यमंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 323(2) के अधीन उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के दशम वार्षिक प्रतिवेदन (दिनांक 1 अप्रैल, 2010 से 31 मार्च, 2011 तक) सदन के पटल पर रखेंगे।
4. वित्त मंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 243-झ (4) एवं अनुच्छेद 243-म (2) के अधीन तृतीय राज्य वित्त आयोग, उत्तराखण्ड का प्रतिवेदन (2011-2016) एवं स्पष्टीकारक ज्ञापन सदन के पटल पर रखेंगे।
5. वित्तमंत्री, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम, 1984 की धारा 8(3) के अन्तर्गत स्थानीय निधि लेखा परीक्षा तथा सहकारी समितियां एवं पंचायतें, वित्तीय वर्ष, 2010-11(भाग-1 एवं 2) का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखेंगे।
6. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।
7. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।
8. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।
9. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।
10. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

    (कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी- **"ख"**)

11. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

12. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

13. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

14. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड आबकारी (संशोधन) विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

15. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड आबकारी (संशोधन) विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

16. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड वन विकास निगम (प्रथम संशोधन) विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

17. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड वन विकास निगम (प्रथम संशोधन) विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

18. सहकारिता मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

19. सहकारिता मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

20. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 30 मई, 2012**

**(डी0पी0गैरोला)**
**प्रमुख सचिव।**

द्वितीय सत्र, 2012
का प्रथम बुधवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

## की कार्यसूची

### बुधवार, 09 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1934

### ( दिनांक : 30 मई, 2012 )

## नत्थी "क"

### तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 07.05.2012<br>श्री अजय भट्ट 07.05.2012<br>श्री बिशन सिंह चुफाल 09.05.2012<br>श्री दलीप सिंह रावत 14.05.2012 | *1. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि पूर्व तत्कालीन सरकार द्वारा घोषित चार नये जिलों कोटद्वार, यमुनोत्री, डीडीहाट एवं रानीखेत के गठन हेतु प्रशासनिक ढांचा व्यवस्थित कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री राजेश शुक्ला 08.05.2012 | *2. क्या खाद्य मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड में कर्मचारी कल्याण निगम की कैन्टीन स्थापित किये जाने की मांग कर्मचारियों द्वारा बार–बार की जा रही है ? क्या सरकार प्रदेश में कर्मचारी कल्याण निगम की स्थापना करेगी ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 08.05.2012 | *3. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा में जनजाति/ गैर जनजाति भूमि संबंधी विवाद के कारण स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश पैदा हो रहा है ? क्या भूमि संबंधी विवाद के समाधान हेतु सरकार द्वारा कोई प्रयास किया जा रहा है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>08.05.2012 | *4. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोहाघाट जनपद चम्पावत के नजूल भूमि फीहोल्ड किये जाने संबंधी आदेश निर्गत किये जा चुके हैं ? क्या सरकार पूर्व सैनिकों एवं गरीब जनता को वर्ष 1976 के सर्किल रेट के अनुसार उक्त भूमि फ्रीहोल्ड किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? | द्वितीय सोमवार के तारा0 13 में स्थाना0 |
| श्री दान सिंह भण्डारी<br>08.05.2012 | *5. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गुणात्मक सुधार लाने एवं खाद्य वितरण की उचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य |
| श्री चन्दन राम दास<br>09.05.2012<br>श्री राजेश शुक्ला<br>10.05.2012<br>श्री अरविन्द पान्डे<br>11.05.2012 | *6. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार पूर्व की भांति ए0पी0एल0 एवं बी0पी0एल0 कार्ड धारकों को अटल खाद्यान्न योजना के तहत सस्ता राशन उपलब्ध करायेगी अथवा अटल योजना को यथावत रखेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य |

# अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री चन्दन राम दास<br>07.05.2012 | 1. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में अग्नि कांड से प्रभावित पीड़ितों को सरकार द्वारा कोई आर्थिक सहायता दिये जाने का प्राविधान है ? यदि हां तो मंत्री जी अवगत हैं कि बागेश्वर नगर में माह दिसम्बर, 2011 व जनवरी, 2012 में अग्निकांड से प्रभावित 7 परिवारों को लाखों रूपये की क्षति हुई है ? क्या सरकार अग्निकाण्ड पीड़ितों को आर्थिक सहायता दिये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री हरीश धामी<br>07.05.2012 | 2. क्या आपदा प्रबंधन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र धारचूला में पिछले 10 वर्षों में किन–किन स्थानों में दैवीय आपदा की घटनायें हुई हैं ? सरकार द्वारा उनमें क्या कार्यवाही की गयी तथा कितना धन आवंटित किया गया ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा भविष्य में दैवीय आपदाओं से बचने के लिए क्या उपाय किये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>07.05.2012 | 3. क्या खाद्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के पट्टी मवालस्यूं स्थित ग्रामों में गैस की आपूर्ति जनता को समय से नहीं हो रही है ? यदि हां, तो क्या विभाग ईड़ाखाल में गैस एजेन्सी खोले जाने पर विचार करेगी ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>07.05.2012 | 4. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर जिला पौड़ी गढ़वाल के कई गांवों की कृषि भूमि बाढ़ आने के कारण क्षतिग्रस्त हो गई हैं ? यदि हां, तो सरकार बाढ़ सुरक्षा हेतु धन स्वीकृत करेगी ? यदि नही तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री गणेश जोशी<br>08.05.2012 | 5. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत मसूरी विधान सभा क्षेत्र में कितने बी0पी0एल कार्ड धारक हैं तथा कार्ड धारकों का सत्यापन किया गया है ? यदि हां, तो उक्त का विवरण ग्राम पंचायत / वार्ड के अनुसार उपलब्ध करायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य |
| श्री चन्दन राम दास<br>08.05.2012 | 6. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकार द्वारा चलायी जा रही दीनदयाल आवास योजना पूर्व की भांति यथावत जारी रहेगी या योजना में कोई आमूल परिवर्तन किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्री राजेश शुक्ला<br>08.05.2012 | 7. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ऊधमसिंहनगर में तहसील किच्छा में किच्छा नदी (गोला नदी) द्वारा पिछले वर्ष भारी वर्षा में भीषण जल कटाव होने के कारण नदी के पश्चिमी तट पर किच्छा शहर एवं पूर्वी तट पर से गुजरने वाली हरिद्वार–बरेली राष्ट्रीय राज मार्ग– 74 तक लालकुंवा–लखनऊ रेलवे ट्रैक के कटकर बह जाने से भीषण खतरा उत्पन्न हो गया था ? क्या सरकार अवगत हैं कि उक्त नदी के दोनों तटों पर सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि भी कट कर बह गयी, यदि हां तो क्या सरकार द्वारा इस सबंध में कोई कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>08.05.2012 | 8. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के गावों में पेयजल एवं सिंचाई स्रोतों का अभाव है ? क्या सरकार पेयजल संकट से बचने के लिए छोटी नदियों एवं गधेरो के जल को रोक कर झीलों का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो इसके लिए क्या कार्य योजना हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | द्वितीय गुरूवार के अता0 44 में स्थाना0 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री माल चन्द<br>08.05.2012 | 9. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत गंगा प्राधिकरण के अनुरूप यमुना प्राधिकरण बनाये जाने पर विचार किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | सिंचाई |
| श्री दान सिंह भण्डारी<br>09.05.2012 | 10. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि नैनीताल जनपद के भीमताल विधान सभा क्षेत्र के विकास खण्ड रामगढ के ल्वेशाल बस स्टेशन से पोखरी बस स्टेशन तक पूर्व में बनी प्रधानमंत्री सड़क रोजगार के अन्तर्गत मोटर मार्ग का वर्तमान तक डामरीकरण नहीं हो पाया है जिस कारण क्षेत्रवासियों को यातायात में अत्यधिक असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार यथाशीघ्र उक्त मार्ग का डामरीकरण किये जाने हेतु विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | द्वितीय सोमवार के अता0 53 में स्थाना0 |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>09.05.2012 | 11. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के अन्तर्गत प्रदेश में किन–किन सडकों की भारत सरकार द्वारा वन भूमि के प्रस्ताव की सैद्धान्तिक स्वीकृति मिली है ? | ग्राम्य विकास |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>09.05.2012 | 12. क्या सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा के सीमान्त मेला–घाट क्षेत्र जगबुड़ा नदी से लगातार हो रहे भू–कटाव को रोकने के लिए क्या प्रयास किये जा रहे है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>09.05.2012 | 13. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा के बग्गा चौवन ग्राम को राजस्व ग्राम घोषित करने की योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक उक्त ग्राम को राजस्व ग्राम घोषित कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>09.05.2012 | 14. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विकास खण्ड बाराकोट जिला चम्पावत में स्थापित उपतहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा देने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>09.05.2012 | 15. क्या सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी के विधान सभा क्षेत्र धनौल्टी के अन्तर्गत थत्यूड़ बाजार एवं भवान बाजार की बाढ़ सुरक्षा हेतु कोई योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |

## नत्थी "ख"

**कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 29-05-2012 की बैठक में दिनांक 30 मई, 2012 से दिनांक 01 जून,2012 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की हैः-**

**मई, 2012**

30 बुधवार

1 औपचारिक कार्य।

2 विधायी कार्यः-

(1) उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा विधेयक, 2012 विचार एवं पारण। **(30 मिनट)**

(2) उत्तराखण्ड आबकारी (संशोधन) विधेयक, 2012 विचार एवं पारण। **(30 मिनट)**

(3) उत्तराखण्ड वन विकास निगम (प्रथम संशोधन) विधेयक, 2012 विचार एवं पारण। **(30 मिनट)**

(4) उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2012 विचार एवं पारण। **(30 मिनट)**

31 गुरूवार

1 औपचारिक कार्य।

2 वित्त मंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2012-2013 का बजट प्रस्तुतीकरण
**(अपराह्न 4.00 बजे )**

**जून, 2012**

01 शुक्रवार

1 औपचारिक कार्य।
2 बजट पर सामान्य चर्चा।
3 असरकारी कार्यः-

निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चाः-

श्री बिशन सिंह चुफाल

"यह सदन संस्तुति करता है कि प्रदेश में अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं से लगे जनपदों में स्थानीय लोगों के पलायन को रोकने तथा स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध किये जाने के लिए अलग से सीमान्त क्षेत्र विकास योजनाएं बनाई जायें।"

**(30 मिनट)**

| | |
|---|---|
| श्री मदन कौशिक | "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में स्थापित की जाय।" (30 मिनट) |
| श्री नवप्रभात | "यह सदन उत्तराखण्ड में गंगा तथा उसकी सहायक नदियों की पवित्रता एवं अविरलता बनाये रखने का संकल्प लेता है;<br>यह सदन उत्तराखण्ड में सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पावन नदियों के क्षेत्रीय पारिस्थितिकीय संतुलन को बनाये रखते हुए राज्य के संसाधनों के विकास, स्थानीय निवासियों के रोजगार एवं सामाजिक विकास के लिए प्रतिबद्धता प्रकट करता है;<br>यह सदन अनुभव करता है कि राज्य में बहुउद्देशीय जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण राज्य की ऊर्जा आवश्यकता के साथ-साथ सुदूर क्षेत्रों में अवस्थापना विकास, रोजगार सृजन, सामाजिक उत्थान, आर्थिक प्रगति एवं स्थानीय निवासियों को बेहतर जीवन-यापन का अवसर प्रदान करने के लिए आवश्यक है।<br>इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण में प्रदूषण नियंत्रण, पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण के लिए आवश्यक सभी निर्देशों एवं मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।" (30 मिनट) |